# ST. PETER'S SCHOOL & COLLEGE
RAEBARELI

01/12/2025

## समय का महत्व

प्यारे अभिभावकगण,

समय के महत्व को समझना और उसका पालन करना जीवन की सफलता की कुंजी है। यह न केवल हमारे व्यक्तित्व को निखारता है, बल्कि दूसरों के प्रति सम्मान को भी दर्शाता है। खासकर छात्रों के लिए समय पर स्कूल पहुँचने का विशेष महत्त्व है। जब छात्र समय पर स्कूल पहुंचते हैं, तो ये पूरी पढ़ाई का लाभ उठा पाते हैं। इससे उनकी एकाग्रता बढ़ती है और वे कक्षा में होने वाली गतिविधियों में भाग लेकर अपने कौशल को विकसित कर पाते हैं।

समय पालन से अनुशासन की भावना जन्म लेती है, जो भविष्य में कैरियर को बनाने में भी में भी मददगार साबित होती है। देर से आने पर न केवल छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि पूरे कक्षा का माहौल भी बिगड़ता है। इसलिए, सभी छात्रों को चाहिए कि वे अपनी पढ़ाई और आत्म–निर्माण के लिए नियमित रूप से समय का पालन करें और स्कूल समय पर पहुंचे। यह आदत उन्हें जीवन में सफलता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने में सहायता करेगी।

इस बात को ध्यान में रखते हुए, अभिभावकगण से अनुरोध कि आप अपनी बच्चे को सुबह 8.00 बजे के पहले विद्यालय प्रांगण में पहुँचाएँ। सुबह 8.00 बजे विद्यालय का गेट बंद हो जायेगा । जो बच्चे 8.00 बजे के बाद में गेट पर आएँगे, उनको वापिस भेज दिया जायेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी अभिभावकगण की होगी। अभिभावकगण कृपया इस बात को ध्यान दें और अपना सहयोग दें।

धन्यवाद।

भवदीय,

प्रधानाचार्य
सेंट पीटर्स स्कूल एंड कॉलेज
रायबरेली

PRINCIPAL
ST. PETER'S SCHOOL
CHHAJLAPUR, P.O. (I.T.I.)
RAEBARELI-229010 (U.P.)